अमर उजाला
30-12-2025

जीएमएन कॉलेज को मिला उत्कृष्टता सम्मान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज को हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद हरियाणा सरकार की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की ओर से एक समारोह में प्रदान किया गया।

ये सम्मान महाविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, अकादमिक नवाचार, बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों और गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। कॉलेज प्रबंधन समिति ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। संवाद